2.The said development plan shall come into operation with effect from the date of publication of this notice in Madhya Pradesh Gazette under section 19(5) of the Madhya Pradesh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973.

By order and in the name of the Governor
of Madhya Pradesh,
C. K. SADHAV, Dy. Secy.

भोपाल, दिनांक 6 सितम्बर 2016

शुद्धि-पत्र

क्र. एफ-3-128-बत्तीस-2010.—विभागीय समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 1 दिसम्बर 2012 द्वारा मध्यप्रदेश, नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13(2)(क) के अंतर्गत पीथमपुर निवेश क्षेत्र की सीमाओं को पुनः परिवर्तित कर निवेश क्षेत्र की सीमा पुनर्गठित की गई है. उक्त अधिसूचना में कतिपय ग्रामों के नाम टंकण त्रुटिवश गलत हुये हैं, उनमें सुधार कर के पीथमपुर निवेश क्षेत्र की पुनर्गठित सीमाएं एवं सम्मिलित ग्रामों की सूची को निम्नानुसार पढ़ा जावें :—

पीथमपुर निवेश क्षेत्र की पुनर्गठित सीमाएं

1. **उत्तर में**— पिपन्दा, लेबड़, सेजवाया, डेहरी, ताजखेड़ी, झलरिया, मोथला, बेटमा, बिजेपुर, माचल तथा गलोड़ा की सीमाएं के स्थान पर पीपल्दा, कलसाडाखुर्द, लेबड़, सेजवाया, डेहरी, ताजखेड़ी, मेथवाड़ा, झलारिया, मोथला, बदीपुरा, बेटमा खास, बिजेपुर, बेटमाखुर्द, माचल, गलोंडा, धरावरा की उत्तरी सीमा तक पढ़ा जावें.

2. **पश्चिम में**—धरावरा, नरलाय, मोकलाय, देहरी, सोनवाय, पिपल्या मल्हार की सीमाएं के स्थान पर पीपल्दा, गुणावद तथा मिर्जापुर की पश्चिमी सीमा तक पढ़ा जावें.

3. **दक्षिण में.**—कवटी, टिडी, भाटखेड़ी, गोपालपुरा, बंजारी, खण्डवा, कल्याणसी खेड़ी, आसुखेड़ी, सुहागपुरी, सागौर, सुलावह, मिथोली, बकसाना, बगौदा, कुमार बराडिया, निजामपुरा, नाजिद बड़ोदा, मिर्जापुर के स्थान पर पिपल्यामल्हार, कवटी, टिही, भाटखेड़ी, गोपालपुरा, बंजारी भौण्डिया,खण्डवा, कल्याणसीखेड़ी, माधोपुर, आसूखेड़ी, उदली, सुहागपुरा, सागौर, सुलावड़, भिचौली, बक्साना, निजामपुरा, नजिक बरोदा, मिर्जापुर की दक्षिणी सीमा तक पढ़ा जावें.

4. **पूर्व में**—मिर्जापुर, गुणावद तथा पिपन्दा की सीमाएं के स्थान पर धरावरा, नरलाय, मोकलाय, डेहरी, सोनवाय, पिपल्यामल्हार की पूर्वी सीमा तक पढ़ा जावें.

सम्मिलित ग्रामों की सूची

(1) नगरपालिका पीथमपुर, जिला धार (14 ग्राम)—1. पीथमपुर, 2. धन्नड़खुर्द, 3. भोड़िया, 4. अकोलिया, 5. बरदरी, 6. तारपुरा, 7. गवला, 8. सिलोटिया, 9. सागोर, 10. खेड़ा, 11. जामोदी, 12. आगराखेड़ी, 13. बगदून. 14 मण्डलावदा.

उपरोक्त के स्थान पर निम्नानुसार पढ़ा जावें.

नगरपालिका पीथमपुर, जिला धार (14 ग्राम)—1. पीथमपुर, 2. धन्नड़खुर्द, 3. भौण्डिया, 4. अकोलिया, 5. बरदरी, 6. तारपुरा, 7. गवला, 8. सिलोटिया, 9. सागोर, 10. खेड़ा, 11. जामौदी, 12. आगराखेड़ी, 13. बगदून. 14 मंडलावदा.

(2) तहसील धार के 23 ग्राम—1. सुलावड़, 2. लेबड़, 3. सेजवाया 4. डेहरी, 5. पीपंदा, 6. तलसाड़ा खुर्द, 7. सजवानी, 8. एकलदुना, 9. गुणावत, 10. मिर्जापुर, 11. नाजिक बड़ौदा, 12. निजामपुरा, 13. कुमार बारडिया 14. उमरिया, 15. बगोदा, 16. बक्साना, 17. बिचोली, 18. उदली, 19. सौहागपुरी, 20. आशुखेड़ी, 21. माधवपुर, 22. कल्याणसीखेड़ी, 23. खण्डवा.

उपरोक्त के स्थान पर निम्नानुसार पढ़ा जावें.

तहसील धार के 23 ग्राम—1. सुलावड़, 2. लेबड़, 3.सेजवाया 4. डेहरी, 5. पिपल्दा, 6. कलसाडाखुर्द, 7. सेजवानी, 8. एकलदुना, 9. गुणावद, 10. मिर्जापुर, 11. नाजिकबरोदा, 12. निजामपुरा, 13. कुमार कराडिया 14. उमरिया, 15. बागोदा, 16. बक्साना, 17. भिचौली, 18. उदली, 19. सुहागपुरा, 20. आंसूखेड़ी, 21. माधवपुर, 22. कल्याणसीखेड़ी, 23. खण्डवा.

(3) नगर पंचायत बेटमा, जिला इन्दौर—1.बेटमा

उपरोक्त के स्थान पर निम्नानुसार पढ़ा जावें.

नगर पंचायत बेटमा, जिला इन्दौर—1.बेटमा खास.

(4) तहसील देपालपुर, जिला इन्दौर के 25 ग्राम—1. औसरोद, 2. सांगवी, 3. घाटोबिल्लोद, 4. ताजखेड़ी, 5. मेढवाड़ा, 6. झलारिया, 7. मोथला, 8. पीर पीपल्या, 9. करवासा, 10. बंदीपुरा, 11. बिजपुर, 12. सलेमपुर, 13. रनमल बिल्लोदा, 14. काली बिल्लोद, 15. अम्बापुरा, 16. किशनपुरा, 17. बेटमाखुर्द, 18. भंवरगढ़, 19. बजरंगपुरा, 20. चिराखान, 21. माचल, 22. गलोडा, 23. धरावरा, 24. धन्नड़, 25 बगोदा.

उपरोक्त के स्थान पर निम्नानुसार पढ़ा जावें.

तहसील देपालपुर, जिला इन्दौर के 25 ग्राम—1. औसरोद, 2. सांगवी, 3. घाटाबिल्लोद, 4. ताजखेड़ी, 5. मेठवाड़ा, 6. झलारीया, 7. मोथला, 8. पीर पिपल्या, 9. करवासा, 10. बदीपुरा, 11. बिजेपुर, 12. सलमपुर, 13. रणमल बिल्लौद, 14. काली बिल्लौद, 15. अम्बापुरा, 16. किशनपुरा, 17. बेटमाखुर्द, 18. भंवरगढ़, 19. बजरंगपुरा, 20. चिराखान, 21. माचल, 22. गलोंडा, 23. धरावरा, 24.धन्नड़, 25 बागौदा.

(5) तहसील इन्दौर, जिला इन्दौर के 3 ग्राम—1. नरलाय, 2. मोकलाय, 3. देहरी.

उपरोक्त के स्थान पर निम्नानुसार पढ़ा जावें.

तहसील इन्दौर, जिला इन्दौर के 3 ग्राम—1. नरलाय, 2. मोकलाय, 3. डेहरी.

(6) तहसील महू, जिला इन्दौर के 8 ग्राम—1. केवटी, 2. टिही, 3. भाटखेड़ी, 4. गोपालपुरा, 5. बंजारी, 6. सोनवाय, 7. भोंसलाय, 8. पीपल्या मल्हार.

उपरोक्त के स्थान पर निम्नानुसार पढ़ा जावें.

तहसील महू, जिला इन्दौर के 8 ग्राम—1. कवटी, 2. टिही, 3. भाटखेड़ी, 4. गोपालपुरा, 5. बंजारी, 6. सोनवाय, 7. भैंसलाय, 8. पिपल्यामल्हार.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सी. के. साधव, उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कलेक्टर, जिला इन्दौर, मध्यप्रदेश

इन्दौर, दिनांक 5 सितम्बर 2016

सार्वजनिक सूचना

(म. प्र. शासन की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2014 के अंतर्गत)

क्र. 2035-भू-अर्जन-2016.—चूंकि मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति की अधिसूचना दिनांक 12 नवम्बर 2014 के अंतर्गत राज्य शासन के विभिन्न विभागों एवं उपक्रमों को सार्वजनिक प्रयोजन हेतु निर्माण की जाने वाली अद्योसंरचनाओं के लिये निजी भूमि की आवश्यकता के अंतर्गत राज्य शासन के विभाग/उपक्रम म. प्र. सड़क विकास निगम लि., इन्दौर की राऊ-महू-मण्डलेश्वर मार्ग निर्माण बी. ओ. टी. (एन्युटी) योजना के लिये नीचे लिखे विवरण में उल्लेखित भूमि स्वामियों के धारणाधिकार की निजी भूमि क्रय करने की आवश्यकता है. विवरण में उल्लेखित भूमि स्वामियों द्वारा नीति की कण्डिका 10 के अंतर्गत निर्धारित प्रारूप ''ख'' में विक्रय करने की सहमति प्रस्तुत कर दी गयी है. आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति की कण्डिका 11(1) के अंतर्गत सर्वसाधारण की सूचना के लिये यह सूचना जारी की जा रही है, कि नीति के अंतर्गत भूमि विभाग के पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है. यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में आधार सहित अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अवकाश के दिनों को

छोड़कर कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है. नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्तियों को न तो स्वीकार किया जावेगा और न ही उन पर किसी प्रकार का विचार किया जावेगा :—

आपसी सहमति से क्रय की जाने वाली भूमि का विवरण

जिला—इन्दौर, तहसील—डॉ. आम्बेडकर नगर (महू), ग्राम—बड़गोन्दा, कुल रकबा—1.031 हेक्टेयर.

प्रकरण क्र.—01-अ 82-2015-16.

क्र.	भूमि स्वामी का विवरण	सर्वे नम्बर	प्रभावित भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टर में)			अन्य सम्पत्ति
			सिंचित	असिंचित	कुल रकबा	
(1)	(2)	(3)		(4)		(5)
1	सुशीला बाई पति रामेश्वर जाट	230/2	0.020	–	0.020	खाखरा-6, नीम-3,
		231/2	0.025	–	0.025	बैर-2, बबूल-1, सागवान-1.
			0.045		0.045	
2	जगदीश पिता छोगालाल जाट	232/2	0.015	–	0.015	खाखरा-6, नीम-1 गधा पलाश-1.
3.	रविकुमार पिता रामचन्द्र अहीर	272/2	0.070	–	0.070	–
4.	कैलाश चन्द्र पिता बाबूलाल जाट	406	0.055	–	0.055	–
		407	0.100	–	0.100	
			0.155		0.155	
5.	घीसालाल गोविन्द पिता मोतीलाल ब्राहम्ण.	430/2	0.015	–	0.015	खांखरा-2, नीम-1, आम-1, बबूल-1, खजूर-1.
6.	राजेश पिता प्रहलाद जाट	431	0.010	–	0.010	नीम-1, खजूर-2
		432/1	0.025	–	0.025	
			0.35		0.35	
7.	संपतबाई पति प्रहलाद जाट	432/2	0.025	–	0.025	बबूल-2
		433/1	0.035	–	0.035	गोंदी-1
			0.60		0.60	
8.	रामीबाई पति हरिराम खाती	564/1	0.250	–	0.250	खाखरा-2 आम-1
9.	माखनलाल पिता हरीराम खाती	561/2	0.050	–	0.050	खाखरा-1
		564/2	0.020	–	0.020	नीम-1
		565/2	0.015	–	0.015	
			0.085		0.085	
10.	मोहनलाल पिता जगन्नाथ महाजन	660	–	0.008	0.008	–

(1)	(2)	(3)	(4)		(5)
11.	नाथीबाई, घीसालाल, भगवानदास, कैलाशचन्द्र पिता घीसालाल, गिरधारीलाल पिता मुरलीधर, भवरीलाल पिता श्रीकृष्ण महाजन, रामकुमार पिता ओमप्रकाश महाजन.	661	–	0.005	0.005	–
12.	बद्रीलाल विष्णु कैलाश पिता बृजलाल तेली	662	–	0.005	0.005	–
13.	विष्णूराम जुगलकिशोर पिता भगवानदास महाजन	663	–	0.005	0.005	–
14.	राजेन्द्र, संतोष पिता जानकीलाल, जानकीलाल पिता मैनाजी धनगर.	681	–	0.040	0.040	इमली-1
15.	जानीबाई विधवा बाबू, खुशाल, लक्ष्मण, छोटेलाल मायाबाई पिता बाबू जाट.	682	–	0.040	0.040	–
16.	विंध्याबाई पति कमल कुमार जाति अहिर निवासी आशापुरा	286/2 1	0.198	–	0.198	–
			0.928	0.103	1.031	

नोट.—भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डॉ. आम्बेडकर नगर (महू) जिला इन्दौर एवं संभागीय प्रबंधक, म. प्र. सड़क विकास निगम लि., इन्दौर (म. प्र.) के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. नरहरि, कलेक्टर.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
"निर्वाचन भवन"
58, अरेरा हिल्स, भोपाल, (मध्यप्रदेश)—462 011

आदेश

भोपाल, दिनांक 7 सितम्बर 2016

क्र. एफ. 87-196-15-11-409.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 2014" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 10 जुलाई 2014 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2014 में सम्पन्न **नगर परिषद् खिलचीपुर,** जिला राजगढ़ (म. प्र.) के अध्यक्ष, के आम निर्वाचन में **श्री शकील अहमद** भी अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थे. इस नगर परिषद् के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 4 दिसम्बर 2014 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 03 जनवरी 2015 तक, **श्री शकील अहमद** को अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी राजगढ़ के समक्ष दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजगढ़ म. प्र. के पत्र क्र. 459, दिनांक 7 फरवरी 2015 के संलग्न प्रेषित परिशिष्ट-छत्तीस के अनुसार अभ्यर्थी **श्री शकील अहमद** द्वारा अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा ही नहीं प्रस्तुत किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन कलेक्टर राजगढ़ से आयोग को प्राप्त होने पर इस संबंध में अभ्यर्थी **श्री शकील अहमद** को आयोग द्वारा कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 27 मार्च 2015 जारी किया गया. कारण बताओ नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्री शकील अहमद** के बाहर होने के कारण, कारण बताओ नोटिस की तामीली उनके पुत्र पर की गई.

इसके उपरान्त आयोग के ज्ञापन दिनांक 20 जून 2016 द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश से इस आशय की जानकारी चाही गई कि अभ्यर्थी को कारण बताओ नोटिस तामील हो जाने के उपरान्त यदि अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर विलम्ब से व्यय लेखे या अभ्यावेदन जिला स्तर पर प्रस्तुत किये गये हों तो उनकी स्वीकार्यता/विश्वसनीयता के संबंध में स्पष्ट अभिमत से आयोग को अवगत कराया जाये.

आयोग के उपर्युक्त पत्र के संदर्भ में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), राजगढ़ के आयोग को प्रेषित पत्र क्रमांक 222, दिनांक 2 जुलाई 2016 में इस बात का उल्लेख किया गया कि अभ्यर्थी, श्री शकील अहमद को आयोग स्तर से जारी कारण बताओ नोटिस की तामीली दिनांक 4 अप्रैल 2015 को करा दी गई थी, परन्तु अभ्यर्थी द्वारा न तो व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया है और न ही कारण बताओ सूचना का अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया है साथ ही अभ्यर्थी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की अनुशंसा की गई.

अभ्यर्थी, **श्री शकील अहमद** के निर्वाचन व्यय लेखों के संबंध में उक्त आशय की जानकारी आयोग को प्राप्त होने पर आयोग द्वारा सूचना पत्र दिनांक 20 जुलाई 2016 कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, राजगढ़ के माध्यम से अभ्यर्थी को प्रेषित कर उनके निर्वाचन व्यय लेखों पर अंतिम निर्णय लिये जाने हेतु उन्हें व्यक्तिगत सुनवाई हेतु दिनांक 23 अगस्त 2016 को आयोग कार्यालय में बुलाया गया.

आयोग द्वारा जारी उपर्युक्त सूचना-पत्र की तामीली अभ्यर्थी को व्यक्तिगत सुनवाई के पूर्व हो चुकी थी, किन्तु अभ्यर्थी, **श्री शकील अहमद** न तो आयोजित व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित हुए और न ही इस संबंध में कोई अभ्यावेदन अभ्यर्थी की ओर से आयोग को प्राप्त हुआ.

अतः उपर्युक्त विवेचना से स्पष्ट है कि पर्याप्त अवसर दिए जाने के उपरान्त भी अभ्यर्थी, **श्री शकील अहमद** द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखे प्रस्तुत ही नहीं किये गये. अतः इससे आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत अभ्यर्थी **श्री शकील अहमद** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद, खिलचीपुर,** जिला राजगढ़ म. प्र. का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए आदेश जारी होने की तारीख से 5 (पांच वर्ष) की कालावधि के लिए निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(सुनीता त्रिपाठी)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 7 सितम्बर 2016

क्र. एफ. 87-196-15-11-410.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 2014" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 10 जुलाई 2014 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2014 में सम्पन्न **नगर परिषद् खिलचीपुर,** जिला राजगढ़ म. प्र. के अध्यक्ष के आम निर्वाचन में **श्री आबीद** भी अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थे. इस नगर परिषद् के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 4 दिसम्बर 2014 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 03 जनवरी 2015 तक, **श्री आबीद** को अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी राजगढ़ म. प्र. के समक्ष दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजगढ़ के

पत्र क्र. 459, दिनांक 7 फरवरी 2015 के संलग्न प्रेषित परिशिष्ट-छत्तीस के अनुसार अभ्यर्थी, **श्री आबीद** द्वारा अपने निर्वाचन व्ययों के लेखे दिनांक 29 जनवरी 2015 अर्थात् 26 दिन विलम्ब से प्रस्तुत किये गये.

अभ्यर्थी **श्री आबिद** द्वारा विलम्ब से व्यय लेखे प्रस्तुत करने संबंधी प्रतिवेदन कलेक्टर, राजगढ़ से आयोग को प्राप्त होने पर इस संबंध में अभ्यर्थी **श्री आबीद** को आयोग द्वारा विलम्ब से व्यय लेखे प्रस्तुत करने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 27 मार्च 2015 जारी किया गया. कारण बताओ नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्री आबीद** को, कारण बताओ नोटिस की तामीली दिनांक 4 अप्रैल 2015 को हो चुकी थी.

इसके उपरान्त आयोग के ज्ञापन दिनांक 20 जून 2016 द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश से इस आशय की जानकारी चाही गई कि अभ्यर्थी **श्री आबीद** को कारण बताओ नोटिस तामील हो जाने के उपरान्त यदि अभ्यर्थी द्वारा विलम्ब से लेखे प्रस्तुत करने के संबंध में कोई जिला स्तर पर प्रस्तुत किये गये हों तो उनकी स्वीकार्यता/विश्वसनीयता के संबंध में स्पष्ट अभिमत से आयोग को अवगत कराया जाये.

आयोग के उपर्युक्त पत्र के संदर्भ में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), राजगढ़ के आयोग को प्रेषित पत्र क्रमांक 222, दिनांक 2 जुलाई 2016 में इस बात का उल्लेख किया गया कि अभ्यर्थी, **श्री आबीद** द्वारा विलम्ब से व्यय लेखा प्रस्तुत करने के संबंध में किसी प्रकार का स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया है. साथ ही अभ्यर्थी, **श्री आबीद** के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की अनुशंसा की गई.

अभ्यर्थी, **श्री आबीद** के निर्वाचन व्यय लेखों के संबंध में उक्त आशय की जानकारी आयोग को प्राप्त होने पर आयोग द्वारा सूचना पत्र दिनांक 20 जुलाई 2016 कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, राजगढ़ के माध्यम से अभ्यर्थी को प्रेषित कर उनके निर्वाचन व्यय लेखों पर अंतिम निर्णय लिये जाने हेतु उन्हें व्यक्तिगत सुनवाई हेतु दिनांक 23 अगस्त 2016 को आयोग कार्यालय में बुलाया गया.

आयोग द्वारा जारी उपर्युक्त सूचना-पत्र की तामीली अभ्यर्थी को व्यक्तिगत सुनवाई के पूर्व हो चुकी थी, किन्तु अभ्यर्थी, **श्री आबीद** न तो आयोजित व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित हुए और न ही इस संबंध में कोई अभ्यावेदन अभ्यर्थी की ओर से आयोग को प्राप्त हुआ.

अतः उपर्युक्त विवेचना से स्पष्ट है कि पर्याप्त अवसर दिए जाने के उपरान्त भी अभ्यर्थी, **श्री आबीद** द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखे प्रस्तुत ही नहीं किये गये. अतः इससे आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत अभ्यर्थी **श्री आबिद** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद, खिलचीपुर,** जिला राजगढ़ (म. प्र.) का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए आदेश जारी होने की तारीख से 5 (पांच वर्ष) की कालावधि के लिए निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(सुनीता त्रिपाठी)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 8 सितम्बर 2016

क्र. एफ. 87-88-15-11-412.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार **अध्यक्ष** का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 2014" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 10 जुलाई 2014 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2014 में सम्पन्न **नगरपालिका परिषद् दमोह,** जिला दमोह (म. प्र.) के अध्यक्ष के आम निर्वाचन में **श्रीमती पार्वती कोमल अहिरवार** भी अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगर परिषद् के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 7 दिसम्बर 2014 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 06 जनवरी 2015 तक,

श्रीमती पार्वती कोमल अहिरवार को अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी राजगढ़ (म. प्र.) के समक्ष दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजगढ़ (म. प्र.) के पत्र क्र. 1519, दिनांक 10 जनवरी 2015 के संलग्न प्रेषित परिशिष्ट-छत्तीस के अनुसार अभ्यर्थी, **श्रीमती पार्वती कोमल अहिरवार** द्वारा अपने निर्वाचन व्ययों के लेखा ही नहीं प्रस्तुत किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने की जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, दमोह से आयोग को प्राप्त होने पर अभ्यर्थी **श्रीमती पार्वती कोमल अहिरवार** को आयोग द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 26 फरवरी 2015 जारी किया गया. कारण बताओ नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्रीमती अहिरवार** के पति को कारण बताओ सूचना पत्र की तामीली दिनांक 23 मार्च 2015 को हो चुकी थी.

इसके उपरान्त आयोग के पत्र दिनांक 7 अप्रैल 2015 द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला दमोह से इस आशय की जानकारी चाही गई कि यदि अभ्यर्थी **श्रीमती अहिरवार** को कारण बताओ नोटिस की तामीली के उपरान्त उनके द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया हो तो उसकी स्वीकार्यता/विश्वसनीयता के संबंध में स्पष्ट अभिमत आयोग को भेजा जाये.

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला दमोह के पत्र दिनांक 9 फरवरी 2015 के संलग्न अभ्यर्थी, **श्रीमती अहिरवार** का उन्हें संबोधित अभ्यावेद दिनांक 27 जनवरी 2015 एवं चिकित्सक का प्रिक्रिप्सन एवं परिशिष्ट-36 में पूरक जानकारी आयोग को भेजी गई. अभ्यर्थी द्वारा अभ्यावेदन में इस बात का उल्लेख किया गया कि—वे चुनाव का आय-व्यय लेखा (डायरी) भूलवश निर्वाचन कार्यालय में जमा नहीं कर पाई हैं, जो उनकी भूल है. स्वास्थ्य खराब होने के कारण व्यय लेखा जमा नहीं कर पाईं.

अभ्यर्थी, **श्रीमती अहिरवार** के व्यय लेखों पर अंतिम निर्णय लिये जाने हेतु आयोग द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, दमोह के माध्यम से उन्हें सूचना-पत्र दिनांक 2 नवम्बर, 2015 जारी कर, आयोग कार्यालय में दिनांक 1 दिसम्बर 2015 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु बुलाया गया. आयोजित व्यक्तिगत सुनवाई की तिथि को अभ्यर्थी के स्थान पर उनके पुत्र के उपस्थित होने के फलस्वरूप पुनः अभ्यर्थी **श्रीमती अहिरवार** को सूचना पत्र दिनांक 5 दिसम्बर 2015 जारी कर, दिनांक 12 जनवरी, 2016 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु बुलाया गया.

उप जिला निर्वाचन अधिकारी, बास्ते जिला निर्वाचन अधिकारी, दमोह के आयोग को प्रेषित पत्र दिनांक 12 जनवरी, 2016 में इस बात को उजागर किया गया कि—सूचना पत्र की प्रति अभ्यर्थी, **श्रीमती अहिरवार** पर तामील कराए जाने हेतु तहसीलदार, दमोह के माध्यम से भेजा गया. संबंधित अभ्यर्थी द्वारा सूचना पत्र लेने से इंकार किया गया. यह जानकारी प्राप्त होने पर पुनः आयोग द्वारा सूचना पत्र दिनांक 18 जनवरी 2016 जारी कर अभ्यर्थी, **श्रीमती अहिरवार** को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु दिनांक 16 फरवरी 2016 को आयोग कार्यालय में बुलाया गया.

आयोग द्वारा जारी उपर्युक्त सूचना-पत्र की तामीली अभ्यर्थी **श्रीमती अहिरवार** को व्यक्तिगत सुनवाई के पूर्व अर्थात् दिनांक 1 फरवरी 2016 को हो चुकी थी, आयोग के जिले से पूर्व जारी पत्राचार के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, वास्ते जिला निर्वाचन अधिकारी, दमोह के ज्ञापन दिनांक 01/02 जुलाई, 2016 के संलग्न अभ्यर्थी, **श्रीमती अहिरवार** के निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित रिपोर्ट आयोग को भेजी गई. रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया कि चूंकि अभ्यर्थी द्वारा कोई जवाब/व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया है अतः राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नोटिस के तारतम्य में कार्यवाही अपेक्षित.

जिले से उक्ताशय की जानकारी प्राप्त होने के उपरान्त आयोग द्वारा पुनः अभ्यर्थी **श्रीमती पार्वती कोमल अहिरवार** को सूचना-पत्र दिनांक 20 जुलाई 2016 जारी कर व्यक्तिगत सुनवाई हेतु दिनांक 23 अगस्त 2016 को आयोग कार्यालय में बुलाया गया.

अभ्यर्थी, **श्रीमती अहिरवार** को उपर्युक्त जारी सूचना-पत्र दिनांक 20 जुलाई 2016 की तामीली व्यक्तिगत सुनवाई की तिथि 23 अगस्त 2016 के पूर्व अर्थात् दिनांक 4 अगस्त 2016 को हो चुकी थी, पर अभ्यर्थी, **श्रीमती पार्वती कोमल अहिरवार** व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं हुईं और न ही इस संबंध में कोई अभ्यावेदन उनकी ओर से आयोग को प्राप्त हुआ.

अतः उपर्युक्त विवेचना से स्पष्ट है कि पर्याप्त अवसर दिए जाने के उपरान्त भी अभ्यर्थी, **श्रीमती पार्वती कोमल अहिरवार** द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखे प्रस्तुत ही नहीं किये गये. अतः इससे आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत अभ्यर्थी **श्रीमती पार्वती कोमल अहिरवार** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिका परिषद, दमोह,** जिला दमोह (म. प्र.) का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए आदेश जारी होने की तारीख से 5 (पांच वर्ष) की कालावधि के लिए निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(सुनीता त्रिपाठी)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

राज्य शासन के आदेश

वन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 1 सितम्बर 2016

क्र. एफ-15-05-2015-दस-2.—भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16) की धारा 26 की उपधारा (2) एवं धारा 76 के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश वन (मनोरंजन एवं वन्यप्राणी अनुभव) नियम, 2015 बनाये गये हैं. उक्त नियम की कंडिका 03 (1) के अन्तर्गत राज्य सरकार निम्न अनुसूची में दर्शित क्षेत्र को मध्यप्रदेश राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशित होने के दिनांक से मनोरंजन क्षेत्र घोषित करती है:—

अनुसूची

क्रमांक	वनमण्डल	परिक्षेत्र	स्थल	कक्ष क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	सीमाएं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	बडवानी	बड़वानी	बावनगजा	RF-70	249.45	**पूर्व** —कक्ष क्रमांक 70 की पूर्वी सीमा एवं आरक्षित वन सीमा रेखा मुनारा क्रमांक 708 से 720 तक.
2				RF-71	56.13	
3				RF-72	288.66	
4				RF-73	260.98	**पश्चिम**—कक्षा क्रमांक 72, 73 की पश्चिमी सीमा रेखा. **उत्तर**—कक्ष क्रमांक 73 की उत्तरी सीमा रेखा. **दक्षिण**—कक्ष क्रमांक 70 एवं 72 की दक्षिणी सीमा रेखा.
				योग :	855.22	

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजय मोहरीर, अपर सचिव.

भोपाल, दिनांक 1 सितम्बर 2016

क्र. एफ-15-05-2015-दस-2.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 340 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-15-05-2015-दस-2, दिनांक 1 सितम्बर 2016 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजय मोहरीर, अपर सचिव.

Bhopal, the 1st September 2016

No. F-15-05-2015-X-2.—In exercise of the powers conferred the by sub-section (2) of Section 26 read with clause (d) of Section 76 of the Indian Forest Act, 1927 (16 of 1927), the State Government has made Mdhya Pradesh Forest (Recreation and Wildlife Experience) Rules, 2015, Under the sub-section 3 (1) of the said rules, the State Government declares the area mentioned in the following Schedule as Recreational **Area** from the date of publication of notification in the Madhya Pradesh Gazette:—

SCHEDULE

S. No.	Forest Division	Forest Range	Site	Compartment No.	Area in (Hectares)	Boundaries
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	Badwani	Badwani	Bawangaja	RF-70	249.45	**East**—Eastern boundary of compartment No. 70 and RF boundary Pillar No. 708 to 720.
2				RF-71	56.13	
3				RF-72	288.86	
4				RF-73	260.98	**West**—Western boundary of Compartment No. 72, 73. **North**—Northern boundary of compartment No. 73.
				Total :	855.22	**South**—Southern boundary of compartment No 70 to 72.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
SANJAY MOHARIR, Addl. Secy.

भोपाल, दिनांक 1 सितम्बर 2016

क्र. एफ-25-30-2016-दस-3.—भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16, सन् 1927), की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, उक्त अधिनियम के अध्याय 4 के प्रावधान/उपबन्धों को नीचे की अनुसूची में उल्लेखित भूमि पर लागू होने की घोषणा इस शर्त पर करता है कि इस भूमि पर व्यक्तियों या समुदायों के वर्तमान अधिकार जहां तक कि वे राज्य शासन द्वारा समय-समय पर संशोधित/रूपभेदित किये जायें, के अतिरिक्त, किसी भी रीति में न्यूनीकृत या प्रभावित नहीं किये जायेंगे. यह वनखण्ड, N-24^0 17 5.41'' से N-24^0 17' 19.08'' उत्तर अक्षांश तथा E-81^0 51' 13.06'' से E-81^0 52' 15.97'' पूर्व देशांश के बीच स्थित है :—

अनुसूची

जिला—सीधी, तहसील—गोपद बनास, वनमंडल—सीधी, वनपरिक्षेत्र—सीधी

क्रमांक	वनखण्ड का नाम	वनखण्ड की भूमि का विवरण				वनखण्ड की सीमाएं
		ग्राम का नाम	भूमि का वर्तमान मद	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	टोनादह 'अ'	टोनादह	म. प्र. शासन राजस्व पड़त भूमि	1/2 57/2	28.000 17.310	**उत्तर**—कक्ष क्रमांक आर-1039 से मुनारा क्र. 146 से 135 तक कृत्रिम वन सीमा. **पूर्व**—कक्ष क्रमांक आर-1039 से मुनारा क्रमांक 135 एवं संरक्षित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक 1 तक की कृत्रिम वन सीमा. **दक्षिण**— संरक्षित वनखण्ड के मुनारा क्र. 1 से 12 कृतिम वन सीमा. **पश्चिम**—संरक्षित वनखण्ड के मुनारा क्र. 12 से कक्ष क्रमांक आर-1039 के मुनारा क्रमांक 146 तक की कृतिम वन सीमा.
			योग :		45.310	

(क) अधिसूचना प्रकाशन का आधार—

1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के आदेश क्रमांक निरंक दिनांक निरंक अधिरोपित शर्त के अनुसार कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग सिंगरौली (म. प्र.) की स्वीकृति परियोजना बाघाडीह सिंचाई परियोजना सिंगरौली (म. प्र.) में प्रभावित 65.160 हेक्टेयर वनभूमि के एवज में प्राप्त कुल 65.160 हेक्टेयर गैर वनभूमि में से उपरोक्त वर्णित भूमि 45.310 हेक्टेयर को क्षतिपूर्ति वनीकरण के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के पक्ष में कलेक्टर, सीधी के आदेश क्रमांक 1-अ-19(3)-2002-03, दिनांक 2 जनवरी 2003 हस्तांतरित अथवा नामांतरित किये जाने के कारण.

2. **अन्य कारणों का विवरण**—निरंक

(ख) उपरोक्त भूमि पर सक्षम राजस्व अधिकारी:—तहसीलदार गोपद बनास के प्रमाण-पत्र दिनांक 20 जनवरी 2016 द्वारा अभिलेखित अधिकारों का खसरावार विस्तृत विवरण निम्नानुसार है.

1. **व्यक्तिगत अधिकार**—निरंक.

2. **सामुदायिक अधिकार**—निरंक.

अतः उक्त भूमि को भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 29 के अन्तर्गत संरक्षित वन घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव.

भोपाल, दिनांक 1 सितम्बर 2016

क्र. एफ-25-30-2016-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 340 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-25-30-2016-दस-3, दिनांक 1 सितम्बर 2016 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव.

Bhopal, the 1st September 2016

No. F-25-30-2016-X-3.—In exercise of the powers of conferred by Section 29 of Indian Forest Act, 1927 (XVI of 1927), the State Government are pleased to declare the provisions of Chapter IV of the said Act applicable to the forests areas specified in the Schedule below; subject to the conditions that the existing rights of individuals or communities in such forests shall not be abridged or affected in any manner except in so far as they may be modified by the State Government from time to time. This Forest Block lies between N-24^0 17 5.41'' to N-24^0 17' 19.08'' North Latitude and E-81^0 51' 13.06'' to E-81^0 52' 15.97'' East Longitude :—

SCHEDULE

District—Sidhi, Tehsil-Gopad Banas, Forest Division-Sidhi, Forest Range—Sidhi

S. No.	Name of Forest Block	Details of Land Included				Forest Block Boundaries
		Name of Village	Present head of Land	Khasra No.	Area in (Hectare)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	Tonadah	Tonadah	Revenue Wast land village Tonadah	1/2 57/2	28.000 17.310	**North**—Compartment No.RF 1039 Pillar No. 146 to 135 Artificial forest boundary. **East**—Compartment No.RF 1039 Pillar No. 135 and Protected Forest Block Pillar No. 1 Artificial forest boundary. **South**—Protected Forest Block Pillar No. 1 to 12 Artificial forest boundary. **West**—Protected Forest Block Pillar No.12 to R.F. Comp. No. 1039 Pillar No.46 Artificial forest boundary.
			Total :		45.310	

(A) **Reason for publication of Notification.—**

1. In accordance with the condition laid down in the Ministry of Environment Forest and Climet change, Govt of India's order No. Nil. dated Nil and in lieu of 65.160 Hectare of affected forest land order the Sanctioned Project of Bagha Deeh irrigation Project E.E. (W.R.) Division Singrauli the above mentioned Non Forest Land of 45.310 hectare transferred or muted in favour of M. P. Govt. Forest Department by order No.1-A-19(3)-2002-03 dated 2nd January 2003 of Collector Sidhi for the purpose of compensatory afforestation.

2. Details of Reason—Nil.

(B) The Khasra wise details of recorded rights on the above land as per Cirtificate dated 20th January 2016 of Tahshildar Gopad Banash are as under:—

1. **Individuals Right**—Nil.

2. **Communitiues Right**—Nil.

Therefore the above land is being declared as protected forest under Section 29 of Indian Forest Act, 1927.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
RAMESH KUMAR SHRIVASTAVA, Secy.

भोपाल, दिनांक 1 सितम्बर 2016

क्र. एफ-25-30-2016-दस-3.—भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16, सन् 1927), की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, उक्त अधिनियम के अध्याय 4 के प्रावधान/उपबन्धों को नीचे की अनुसूची में उल्लेखित भूमि पर लागू होने की घोषणा इस शर्त पर करता है कि इस भूमि पर व्यक्तियों या समुदायों के वर्तमान अधिकार जहां तक कि वे राज्य शासन द्वारा समय-समय पर संशोधित/रूपभेदित किये जायें, के अतिरिक्त, किसी भी रीति में न्यूनीकृत या प्रभावित नहीं किये जायेंगे. यह वनखण्ड, N-24^0 18 9.42'' से N-24^0 18' 17.67'' उत्तर अक्षांश तथा E-81^0 52' 52.17.52'' से E-81^0 52' 58.52'' पूर्व देशांश के बीच स्थित है:—

अनुसूची

जिला—सीधी, तहसील—गोपद बनास, वनमंडल—सीधी, वनपरिक्षेत्र—सीधी

क्रमांक	वनखण्ड का नाम	वनखण्ड की भूमि का विवरण				वनखण्ड की सीमाएं
		ग्राम का नाम	भूमि का वर्तमान मद	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	पवया 'अ'	पवया पश्चिम	म. प्र. शासन राजस्व पड़त भूमि	41/2	13.000	**उत्तर**—कक्ष क्रमांक आर-1042 से मुनारा क्र. 44 से 36 तक कृत्रिम वन सीमा. **पूर्व**—कक्ष क्रमांक आर-1042 से मुनारा क्रमांक 36 तथा संरक्षित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक 1 की कृत्रिम वन सीमा. **दक्षिण**— संरक्षित वनखण्ड के मुनारा क्र. 1 से 9 तक कृतिम वन सीमा. **पश्चिम**—संरक्षित वनखण्ड के मुनारा क्र. 9 से कक्ष क्रमांक आर-1042 के मुनारा क्रमांक 44 तक की कृतिम वन सीमा.
				योग :	13.000	

(क) अधिसूचना प्रकाशन का आधार—

1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के आदेश क्रमांक निरंक दिनांक निरंक अधिरोपित शर्त के अनुसार कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग सिंगरौली (म. प्र.) की स्वीकृति परियोजना बाघाडीह सिंचाई परियोजना सिंगरौली (म. प्र.) में प्रभावित 65.160 हेक्टेयर वनभूमि के एवज में प्राप्त कुल 65.160 हेक्टेयर गैर वनभूमि में से उपरोक्त वर्णित भूमि 13.000 हेक्टेयर को क्षतिपूर्ति वनीकरण के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के पक्ष में कलेक्टर, सीधी के आदेश क्रमांक 1-अ-19(3)-2002-03, दिनांक 2 जनवरी 2003 हस्तांतरित अथवा नामांतरित किये जाने के कारण.

2. **अन्य कारणों का विवरण**—निरंक

(ख) उपरोक्त भूमि पर सक्षम राजस्व अधिकारी, तहसीलदार गोपद बनास के प्रमाण पत्र दिनांक 20 जनवरी 2016 द्वारा अभिलेखित अधिकारों का खसरावार विस्तृत विवरण निम्नानुसार है.

1. **व्यक्तिगत अधिकार**—निरंक.

2. **सामुदायिक अधिकार**—निरंक.

अत: उक्त भूमि को भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 29 के अन्तर्गत संरक्षित वन घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव.

भोपाल, दिनांक 1 सितम्बर 2016

क्र. एफ-25-30-2016-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 340 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-25-30-2016-दस-3, दिनांक 1 सितम्बर 2016 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव.

Bhopal, the 1st September 2016

No. F-25-30-2016-X-3.—In exercise of the powers of conferred by Section 29 of Indian Forest Act, 1927 (XVI of 1927), the State Government are pleased to declare the provisions of Chapter IV of the said Act applicable to the forest areas specified in the Schedule below; subject to the conditions that the existing rights of individuals or communities in such forests shall not be abridged or affected in any manner except in so far as they may be modified by the State Government from time to time. This Forest Block lies between N-24^0 18' 9.42'' to N-24^0 18' 17.67'' North Latitude and E-81^0 52' 17.52'' to E-81^0 52' 58.52'' East Longitude :—

SCHEDULE

District—Sidhi, Tehsil-Gopad Banas, Forest Division-Sidhi, Forest Range—Sidhi

S. No.	Name of Forest Block	Details of Land Included				Forest Block Boundaries
		Name of Village	Present head of Land	Khasra No.	Area in (Hectare)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	Pawya "A''	Pawya	Revenue Wast land village Pawya	41/2	13.000	**North**—Compartment No.R-1042 Pillar No. 44 to 36 Artificial forest boundary. **East**—Compartment No.R-1042 Pillar No. 36 and Protected Forest Block Pillar No. 1 Artificial forest boundary. **South**—Protected Forest Block Pillar No. 1 to 9 Artificial forest boundary. **West**—Protected Forest Block Pillar No.9 to R.F. Comp. No. 1042 Pillar No.44 Artificial forest boundary.
			Total :		13.000	

(A) **Reason for publication of Notification.—**

1. In accordance with the condition laid down in the Ministry of Environment Forest and Climet change, Govt. of India's order No. Nil. dated Nil and in lieu of 65.160 Hectare of affected forest Land order the Sanctioned Project of Bagha Deeh irrigation Project Division Singrauli the above mentioned Non Forest Land of 13.000 hectare transferred or muted in favour of M. P. Govt. Forest Department by order No.1-A-19(3)-2002-03 dated 2nd January 2003 of Collector Sidhi for the purpose of compensatory afforestation.

2. Details of Reason—Nil.

(B) The Khasra wise details of recorded rights on the above land as per Cirtificate dated 20th January 2016 of Tahshildar Gopad Banash are as under:—

1. **Individuals Right**—Nil.

2. **Communities Right**—Nil.

Therefore the above land is being declared as protected forest under Section 29 of Indian Forest Act, 1927.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
RAMESH KUMAR SHRIVASTAVA, Secy.

भोपाल, दिनांक 1 सितम्बर 2016

क्र. एफ-25-30-2016-दस-3.—भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16, सन् 1927), की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, उक्त अधिनियम के अध्याय 4 के प्रावधान/उपबन्धों को नीचे की अनुसूची में उल्लेखित भूमि पर लागू होने की घोषणा इस शर्त पर करता है कि इस भूमि पर व्यक्तियों या समुदायों के वर्तमान अधिकार जहां तक कि वे राज्य शासन द्वारा समय-समय पर संशोधित/रूपभेदित किये जायें, के अतिरिक्त, किसी भी रीति में न्यूनीकृत या प्रभावित नहीं किये जायेंगे. यह वनखण्ड, N-24^0 16'1.04'' से N-24^0 16' 6.32'' उत्तर अक्षांश तथा E-81^0 47' 46.39'' से E-81^0 48' 2.82'' पूर्व देशांश के बीच स्थित है :—

अनुसूची

जिला—सीधी, तहसील—गोपद बनास, वनमंडल—सीधी, वनपरिक्षेत्र—सीधी

क्रमांक	वनखण्ड का नाम	वनखण्ड की भूमि का विवरण				वनखण्ड की सीमाएं
		ग्राम का नाम	भूमि का वर्तमान मद	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	सूखी 'ब'	सूखी	म. प्र. शासन राजस्व पड़त भूमि	305/679	6.850	**उत्तर**—कक्ष क्रमांक आर-1036 से मुनारा क्र. 270 से 265 तक कृत्रिम वन सीमा. **पूर्व**—कक्ष क्रमांक आर-1036 के मुनारा क्रमांक 265 एवं संरक्षित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक 1 तक कृत्रिम वन सीमा. **दक्षिण**— संरक्षित वनखण्ड के मुनारा क्र. 1 से 6 तक कृतिम वन सीमा. **पश्चिम**—कक्ष क्रमांक आर-1036 के मुनारा क्रमांक 270 एवं संरक्षित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक-6.
			योग :		6.850	

(क) अधिसूचना प्रकाशन का आधार—

1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के आदेश क्रमांक निरंक, दिनांक निरंक अधिरोपित शर्त के अनुसार कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग सिंगरौली (म. प्र.) की स्वीकृति परियोजना बाघाडीह सिंचाई परियोजना सिंगरौली (म. प्र.) में प्रभावित 65.160 हेक्टेयर वनभूमि के एवज में प्राप्त कुल 65.160 हेक्टेयर गैर वनभूमि में से उपरोक्त वर्णित भूमि 6.850 हेक्टेयर को क्षतिपूर्ति वनीकरण के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के पक्ष में कलेक्टर, सीधी के आदेश क्रमांक 1-अ-19(3)-2002-03, दिनांक 2 जनवरी 2003 हस्तांतरित अथवा नामांतरित किये जाने के कारण.

2. **अन्य कारणों का विवरण**—निरंक.

(ख) उपरोक्त भूमि पर सक्षम राजस्व अधिकारी, तहसीलदार गोपद बनास के प्रमाण पत्र दिनांक 20 जनवरी 2016 द्वारा अभिलेखित अधिकारों का खसरावार विस्तृत विवरण निम्नानुसार है.

1. **व्यक्तिगत अधिकार**—निरंक.

2. **सामुदायिक अधिकार**—निरंक.

अतः उक्त भूमि को भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 29 के अन्तर्गत संरक्षित वन घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव.

भोपाल, दिनांक 1 सितम्बर 2016

क्र. एफ-25-30-2016-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 340 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-25-30-2016-दस-3, दिनांक 1 सितम्बर 2016 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव.

Bhopal, the 1st September 2016

No. F-25-30-2016-X-3.—In exercise of the powers of conferred by Section 29 of Indian Forest Act, 1927 (XVI of 1927), the State Government are pleased to declare the provisions of Chapter IV of the said Act applicable to the forest areas specified in the Schedule below; subject to the conditions that the existing rights of individuals or communities in such forests shall not be abridged or affected in any manner except in so far as they may be modified by the State Government from time to time. This Forest Block lies between N-24^0 16'1.04'' to N-24^0 16' 6.32'' North Latitude and E-81^0 47' 46.39'' to E-81^0 48' 2.82'' East Longitude :—

SCHEDULE

District—Sidhi, Tehsil-Gopad Banas, Forest Division-Sidhi, Forest Range—Sidhi

S. No.	Name of Forest Block	Details of Land Included				Forest Block Boundaries
		Name of Village	Present head of Land	Khasra No.	Area in (Hectare)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	Sukhi "B''	Sukhi	Revenue Wast land village Sukhi	305/679	6.850	**North**—Compartment No.R-1036 Pillar No. 270 to 265 Artificial Forest Boundary. **East**—Compartment No.R-1036 Pillar No. 265 and Protected Forest Block Pillar No. 1 Artificial Forest Boundary. **South**—Protected Forest Block Pillar No. 1 to 6 Artificial Forest Boundary. **West**—Comp. No. R-1036 Pillar No.270 and Protected Forest Block Pillar No. 6 Artificial Forest Boundary.
				Total :	6.850	

(A) **Reason for publication of Notification.—**

1. In accordance with the condition laid down in the Ministry of Environment Forest and Climet change, Govt. of India's order No. Nil, dated Nil and in lieu of 65.160 Hectare of affected forest Land order the Sanctioned Project of Bagha Deeh irrigation Project E.E. (W.R.) Division Singrauli the above mentioned Non Forest Land of 6.850 hectare transferred or muted in favour of M. P. Govt. Forest Department by order No.1-A-19(3)-2002-03 dated 2nd January 2003 of Collector Sidhi for the purpose of compensatory afforestation.

2. Details of Reason—Nil.

(B) The Khasra wise details of recorded rights on the above land as per Cirtificate dated 20th January 2016 of Tahshildar Gopad Banash are as under:—

1. **Individuals Right**—Nil.

2. **Communities Right**—Nil.

Therefore the above land is being declared as protected forest under Section 29 of Indian Forest Act, 1927.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
RAMESH KUMAR SHRIVASTAVA, Secy.

भोपाल, दिनांक 1 सितम्बर 2016

क्र. एफ-25-101-2016-दस-3.—भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16, सन् 1927) की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, उक्त अधिनियम के अध्याय 4 के प्रावधान/उपबन्धों को नीचे की अनुसूची में उल्लेखित भूमि पर लागू होने की घोषणा इस शर्त पर करता है कि इस भूमि पर व्यक्तियों या समुदायों के वर्तमान अधिकार जहां तक कि वे राज्य शासन द्वारा समय-समय पर संशोधित/रूपभेदित किये जायें, के अतिरिक्त, किसी भी रीति में न्यूनीकृत या प्रभावित नहीं किये जायेंगे. यह वनखण्ड, N-22^0 14' 34.800'' से N-22^0 14' 57.840'' उत्तर अक्षांश तथा E-78^0 19' 52.680'' से E-78^0 20' 5.400'' पूर्व देशांश के बीच स्थित है:—

अनुसूची

जिला—छिन्दवाड़ा, तहसील—जुन्नारदेव, वनमंडल—पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल, वनपरिक्षेत्र—दमुआ

अ.क्रमांक	वनखण्ड की भूमि का विवरण					वनखण्ड की सीमाएं
	वनखण्ड का नाम	ग्राम का नाम	भूमि का वर्तमान मद	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	बाथरी	बाथरी	बड़े झाड़ का जंगल	209/12	20.00	**उत्तर**—मुनारा क्रमांक 14 से 1 तक की कृत्रिम वन सीमा. **पूर्व**—मुनारा क्रमांक 1 से 4 तक की कृतिम वन सीमा. **दक्षिण**— मुनारा क्रमांक 4 से 6 तक की कृतिम वन सीमा. **पश्चिम**—मुनारा क्रमांक 6 से 14 तक की कृतिम वन सीमा.
				योग :	20.00	

(क) अधिसूचना प्रकाशन का आधार—

1. पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार के आदेश क्रमांक MPC008/2015-BHO/374, दिनांक 28 अप्रैल 2015 अधिरोपित शर्त के अनुसार मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, भोपाल की स्वीकृत परियोजना बैतूल-सारणी-टेकाढाना-जुन्नारदेव-परासिया राज्य राजमार्ग क्रमांक 43 निर्माण में प्रभावित 31.679 हे. में से 19.653 हेक्टेयर स्वीकृत है. शेष भूमि रकबा 12.026 हे. प्रस्तावित कारीडोर होने के कारण स्वीकृति आपेक्षित है. प्रभावित रकबा 31.679 हे. वनभूमि के एवज में प्राप्त कुल 20.00 हेक्टेयर (बड़े झाड़ का जंगल) गैर वनभूमि में से उपरोक्त वर्णित भूमि 20.00 हेक्टेयर को क्षतिपूर्ति वनीकरण के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग के पक्ष में कलेक्टर, छिन्दवाड़ा के आदेश क्रमांक राजस्व प्रकरण क्रमांक 157/अ-19(3)/2014-15, दिनांक 20 जुलाई 2015 हस्तांतरित अथवा नामांकित किये जाने के कारण.

2. **अन्य कारणों का विवरण**—निरंक.

(ख) उपरोक्त भूमि पर सक्षम राजस्व अधिकारी, तहसीलदार जुन्नारदेव, जिला छिन्दवाड़ा के प्रमाण पत्र के आधार पर अभिलेखित अधिकारों का खसरावार विस्तृत विवरण निम्नानुसार है.

1. **व्यक्तिगत अधिकार**—उक्त भूमि पर कोई व्यक्तिगत अधिकार नहीं है.

2. **सामुदायिक अधिकार**—उक्त भूमि पर कोई सामुदायिक अधिकार नहीं है.

अत: उक्त भूमि को भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 29 के अन्तर्गत संरक्षित वन घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव.

भोपाल, दिनांक 1 सितम्बर 2016

क्र. एफ-25-101-2016-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 340 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-25-101-2016-दस-3, दिनांक 1 सितम्बर 2016 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव.

Bhopal, the 1st September 2016

No. F-25-101-2016-X-3.—In exercise of the powers conferred by Section 29 of the Indian Forest Act, 1927 (XVI of 1927), the State Government are pleased to declare the provisions of Chapter IV of the said Act applicable to the forest areas specified in the Schedule below; subject to the condition that the existing rights of individuals or communities in such forests shall not be abridged or affected in any manner except in so far as they may be modified by the State Government from time to time. This Forest Block lies between N-22^0 14' 34.800'' to N-22^0 14' 57.840'' North Latitude and E-78^0 19' 52.680'' to E-78^0 20' 5.400'' East Longitude :—

SCHEDULE

District—Chhindwara, Tehsil—Junnardev, Forest Division—West Division Chhindwara, Forest Range—Damua

S. No.	Details of Land Included					Forest Block Boundaries
	Name of Forest Block	Name of Village	Present head of Land	Khasra No.	Area in (Hectare)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	Bathri	Bathri	Bade Jhad Ke Jangle	209/12	20.00	**North**—Artificial Forest Boundary from Pillar No. 14 to 1. **East**—Artificial Forest Boundary from Pillar No. 1 to 4. **South**—Artificial Forest Boundary from Pillar No. 4 to 6. **West**—Artificial Forest Boundary from Pillar No. 6 to 14.
				Total :	20.00	

(A) **Reason for publication of Notification.—**

1. In accordance with the condition laid down in the Ministry of Environment and Forest Govt. of India's order No. MPC008/2015-BHO/374, dated 28th April 2015 and in liew of 19.653 hectare out of 31.679 hectare sanctioned. The sanction of rest of the area 12.026 hectare are leftover because of proposed Corridor. Affected forest land under the sanctioned project of Betul-Sarni-Tekadhana-Junnardev-Parasia State Highway No. 43 of Madhya Pradesh Road Development Corporation Limited the above mentioned Non Forest Land of 20.00 hectare transferred or muted in favor of M.P. Govt. Forest Department by order No. 157/A &19(3)-2014-15, dated 20th July 2015 of Collector Chhindwara for the purpose of compensatory a forestation.

2. Details of other Reasons—Nil.

(B) The Khasra wise details of recorded rights on the above land as per report (Cirtificated) of Tahsildar-Junnardev, District Chhindwara are as under :—

1. **Individuals Right**—There are no indevidual right on the said land.

2. **Communities Right**—There are no communities right on the said land.

Therefore the above land is being declared as protected forest under Section 29 of Indian Forest Act, 1927.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
RAMESH KUMAR SHRIVASTAVA, Secy.

भोपाल, दिनांक 1 सितम्बर 2016

क्र. एफ-25-31-2016-दस-3.—भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16, सन् 1927), की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, उक्त अधिनियम के अध्याय 4 के प्रावधान/उपबन्धों को नीचे की अनुसूची में उल्लेखित भूमि पर लागू होने की घोषणा इस शर्त पर करता है कि इस भूमि पर व्यक्तियों या समुदायों के वर्तमान अधिकार, जहां तक कि वे राज्य शासन द्वारा समय-समय पर संशोधित/रूपभेदित किये जायें, के अतिरिक्त, किसी भी रीति में न्यूनीकृत या प्रभावित नहीं किये जायेंगे. यह वनखण्ड, N-23°6' 54.698'' से N-23°7' 51.158'' उत्तर अक्षांश व E-77° 21' 36.483' से E-77° 23' 33.663'' पूर्व देशांश के बीच स्थित है:—

अनुसूची

जिला—भोपाल, तहसील—हुजूर, वनमंडल—भोपाल, वनपरिक्षेत्र—समर्धा

क्रमांक	वनखण्ड की भूमि का विवरण					वनखण्ड की सीमाएं
	वनखण्ड का नाम	ग्राम का नाम	भूमि का वर्तमान मद	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	कालापानी	बोरदा	छोटे बड़े झाड़ का जंगल (राजस्व भूमि).	259/2	39.111	**उत्तर**—संरक्षित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक 1 से 11 तक की कृत्रिम वन सीमा.
				260	14.470	
				261	11.400	**पूर्व**—संरक्षित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक 11 से 12 तक की कृत्रिम वन सीमा.
				262	10.100	
				263	25.290	**दक्षिण**— संरक्षित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक 12 से 20 तक की कृत्रिम वन सीमा एवं वनकक्ष क्रमांक पी. 221 के उत्तरी सीमा में स्थित संरक्षित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक 20 से 22 तक की कृत्रिम वन सीमा.
				264	25.290	
				265	22.100	
				266	23.200	
				267	18.250	
				268	12.050	
				269	12.050	**पश्चिम**—संरक्षित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक 22 से 25 तक वनकक्ष पी. 220 एवं वनखण्ड की संयुक्त वन सीमा तथा मुनारा क्रमांक 25 से 01 तक कक्ष क्रमांक आरएफ 219ए एवं संरक्षित वनखण्ड की संयुक्त वन सीमा.
				270	15.600	
				271	40.840	
